# अब 31 नहीं 51 केन्द्रों पर होगी मूंग खरीदी

▶ 20 अगस्त तक किसान बेच सकेंगे अपनी मूंग

▶ किसानों की बढ़ती संख्या को देख जारी रहेगी मॉनीटरिंग

नवभारत न्यूज

**सीहोर 31 जुलाई. जिले के मूंग उत्पादक किसानों को सरकार ने बड़ी राहत दी है. मूंग खरीदी की सीमा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत करने और खरीदी की अंतिम तिथि 20 अगस्त तक बढ़ाने के बाद कृषि विभाग ने जिले में उपार्जन केंद्रों की संख्या भी बढ़ा दी है. अब किसान 31 की बजाय 51 केंद्रों पर अपनी उपज बेच सकेंगे. किसानों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अधिकारियों ने सभी केंद्रों की सख्त मॉनीटरिंग शुरू कर दी है.**

गौरतलब है कि गत एक जुलाई से जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी शुरू हुई थी, लेकिन सरकार द्वारा कुल उपज का केवल 25 प्रतिशत प्रति हेक्टेयर 3 क्विंटल खरीदने की सीमा तय किए जाने से अधिकांश किसान केंद्रों तक नहीं पहुंचे. कई स्थानों पर किसानों ने धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन और चक्काजाम कर खरीदी सीमा बढ़ाने की मांग की. किसानों के लगातार विरोध के बाद सरकार ने खरीदी सीमा बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दी है. अब किसान प्रति हेक्टेयर 7 क्विंटल 20 किलो तक मूंग समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे.



### 37 हजार किसानों ने कराया पंजीयन

इस बार समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने लगभग 37 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है. इनमें से अब तक करीब 24,800 किसानों ने स्लॉट बुक कराया है, जबकि लगभग 5 हजार किसान ही अपनी उपज बेच पाए हैं. अब तक करीब 4,800 मीट्रिक टन मूंग की खरीदी हो चुकी है. अधिकारियों का मानना है कि खरीदी सीमा बढ़ने और अतिरिक्त समय मिलने से खरीदी की रफ्तार आने वाले दिनों में तेज होगी.

### खरीदी केन्द्रों पर उमड़ी किसानों की भीड़

**भैरुंदा.** समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की प्रति एकड़ सीमा बढ़ाए जाने के बाद शुक्रवार को भैरुंदा के उपार्जन केंद्रों पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. सबसे अधिक दबाव भोपाल रोड स्थित श्रीराम वेयरहाउस केंद्र पर देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर पहुंच गए. अचानक बढ़ी आवक के कारण केंद्र के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई. किसानों द्वारा वाहनों को सड़क किनारे और केंद्र के आसपास खड़ा किए जाने से भोपाल रोड पर कई किलोमीटर तक वाहनों की आवाजाही बाधित रही.

## प्राचीन बिहारी जी के मंदिर में निर्माण के दौरान धंसी जमीन

**अशोकनगर।** ऐतिहासिक नगरी चंदेरी के डोलिया गेट स्थित ऐतिहासिक व अति प्राचीन श्री बिहारी जी मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान एक रहस्यमयी घटना सामने आई है। मंदिर समिति द्वारा पुरानी जर्जर दुकानों का जीर्णोद्धार व नई दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। इसी दौरान बीते 17 तारीख को जब मजदूर सफाई कर मलबा हटा रहे थे, तभी अचानक जमीन का फर्श टूटकर नीचे धंस गया। जब काम कर रहे मिस्त्री और बेलदारों ने नीचे झांककर देखा, तो वहां एक गहरा स्थान नजर आया। सूचना मिलने पर मंदिर समिति के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद जब एक कारीगर हिम्मत जुटाकर नीचे उतरा, तो उसने वहां प्राचीन व अजीब किस्म की आकृतियां बनी देखीं। कारीगर के अनुसार, नीचे से एक सांप भी निकला, जिसके बाद भगवान का नाम लेकर वह तुरंत ऊपर लौट आया।

# ट्रैक्टर चोरी गिरोह का हुआ पर्दाफाश

चार चोरी के ट्रैक्टर एवं दो मोबाइल हुए बरामद

चोरी हुए मामले में नियमानुसार कार्यवाही



### चोरी के ट्रैक्टर मोहन सिंह गुर्जर को बेचने दिए थे

थाना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह दांगी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश की गई। जांच के दौरान संदेही अंकुश उइके एवं संतोष उइके को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपने साथी अनुराग उर्फ अन्नू मालवीय के साथ मिलकर दोनों ट्रैक्टर चोरी करना स्वीकार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी के ट्रैक्टर शिवपुरी निवासी मोहर सिंह गुर्जर को बेचने के लिए दिए थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गए दोनों ट्रैक्टर बरामद कर लिए।

नवभारत न्यूज

**खुरई 31 जुलाई. जनता को लगता है कि शहरी पुलिस कुछ नहीं कर रही है अगर ऐसा होता तो चंद दिन पहले चोरी ट्रेक्टरों को बरामद करने में सफलता नहीं मिलती। अब ये तो हो नहीं सकता हर परिवार के दरवाजे पर पुलिस पहरा देती रहे।**

शहरी पुलिस में पदस्थ सभी अधिकारी प्रधान आरक्षक एंव आरक्षक चोरी हुई मामले में नियमानुसार कानूनी कार्यवाही कर रहे हैं। संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं चोरी गए वाहनों की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना खुरई शहर पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, नरेन्द्र सोलंकी तथा एसडीओपी खुरई प्रवीण अस्थाना के मार्गदर्शन में थाना खुरई शहर पुलिस ने जिले से बाहर रहकर ट्रैक्टर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चार चोरी के ट्रैक्टर एवं दो मोबाइल सहित कुल 21 लाख 20 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है।

# 10 हजार की रिश्वत के साथ कर्मचारी पकड़ा

कंप्यूटर आपरेटर की नौकरी दिलाने के नाम पर की मांग

लोकायुक्त सागर की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़। शुक्रवार को दोपहर के समय लोकायुक्त सागर की टीम ने जिला स्वास्थ्य विभाग के दफ्तर में दबिश देकर यहां पदस्थ एमपीडब्लू को 10 हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में शिकायतकर्ता ने बताया कि एमपीडब्लू ने कंप्यूटर आपरेटर की नौकरी दिलाने के नाम पर 80 हजार रूपए की मांग की थी। जिसकी किस्त के रूप में जब शिकायतकर्ता ने उसे 10 हजार रूपए दिए तो लोकायुक्त सागर की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।**



लोकायुक्त पुलिस सागर ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग के एमपीडब्ल्यू देशराज घोष को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपी ने छतरपुर जिले के घुवारा निवासी अरविंद राजपूत से कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नौकरी दिलाने के एवज में 80 हजार रुपए की मांग की थी।

## नीतू तिवारी भोपाल में हुईं सम्मानित

**सागर.** नगर निगम में पदस्थ असिस्टेंट अकाउंटेंट श्रीमती नीतू तिवारी शुक्ला ने अखिल भारतीय स्थानीय स्व-शासन संस्थान द्वारा आयोजित डिप्लोमा इन लोकल गवर्नमेंट फाइनेंशियल मैनेजमेंट की फरवरी-2026 परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया. भोपाल के शिवाजी नगर स्थित राज भवन में आयोजित सम्मान समारोह में भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय ने नीतू तिवारी शुक्ला को सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट' प्रदान कर सम्मानित किय. इस अवसर पर महापौर ने कहा कि स्थानीय स्वशासन संस्थाओं में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों की ऐसी उपलब्धियां पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक हैं.

# सोशल मीडिया पर दोस्ती, फिर पति की हत्या

ऐसी घटनाएं समाज के लिए चिंताजनक

नवभारत न्यूज

**विदिशा 31 जुलाई,, सोशल मीडिया पर शुरू हुई दोस्ती, प्रेम संबंधों में बदली और फिर पति को रास्ते से हटाने की खूनी साजिश तक पहुंच गई. विदिशा जिले के शमशाबाद के चर्चित सौरभ जैन हत्याकांड में करीब तीन वर्ष बाद अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए मृतक की पत्नी ऋचा जैन, उसके प्रेमी दीपेश भार्गव सहित पांच आरोपियों को हत्या के अपराध में आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है.**



वहीं मृतक के साले अंशुल जैन को फर्जी मृत्यु प्रमाण-पत्र और शपथ-पत्र तैयार कराने के मामले में विभिन्न धाराओं के तहत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और जुर्माने से दंडित किया गया है.

द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार की अदालत ने गुरुवार को फैसला सुनाया. शासन की ओर से पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक डॉ. अखिलेश लाहौरी ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए कठोर दंड की मांग की थी, जिससे न्यायालय सहमत हुआ. अभियोजन के अनुसार वर्ष 2019 में ऋचा जैन की फेसबुक के माध्यम से दीपेश भार्गव से दोस्ती हुई. धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गए. वर्ष 2022 में दोनों कई बार मिले और संपर्क लगातार बना रहा.

## आज 2 घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते शनिवार को शहर के विभिन्न इलाकों में विद्युत प्रवाह बंद रखा जाएगा। सहायक प्रबंधक (शहर) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 33/11 केवी अशोकनगर उपकेंद्र अंतर्गत आने वाले 11 केवी फीडरों पर अतिआवश्यक मेंटेनेंस का काम किया जाना है। जिसके चलते शनिवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक कुल 2 घंटे फीडर जुडे क्षेत्रो में बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी। जिसमें ईसागढ़ रोड फीडर की दुबे कॉलोनी, तायड़े कॉलोनी, मंदसौर मिल, शिक्षक कलेक्ट्रेट, कोर्ट परिसर, कलेक्ट्रेट आवास, बरखेड़ी आवास आदि शामिल है।



# गौ तस्करी पर कार्रवाई 2 पिकअप और टवेरा जब्त

**बैतूल।** बीजादेही थाना पुलिस और राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने गौ तस्करी के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई करते हुए देर रात दो पिकअप और एक टवेरा वाहन जब्त कर 10 गोवंश सुरक्षित बरामद किए। कार्रवाई के दौरान बाबई निवासी सफील ख़ाँ को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक बोलेरो सवारी वाहन मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने गौवंश से भरे वाहनों को कथित रूप से बॉर्डर पार कराने में मुखबिर की भूमिका निभाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भी गौ तस्करी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने बताया कि रात करीब 2 बजे सूचना मिली थी कि शिवनी मालवा क्षेत्र से दो सफेद पिकअप वाहनों में गोवंश को कथित रूप से क्रूरतापूर्वक भरकर चिचोली मार्ग से महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही संगठन के पदाधिकारियों ने बिजादेही पुलिस को अवगत कराया और चिरापाटला के पास निगरानी शुरू की गई। राष्ट्रीय हिन्दू सेना सदस्य बंटी यादव के अनुसार, पिकअप वाहन दिखाई देने पर उन्हें रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक तेज गति से चिचोली की ओर भाग निकले। संगठन की दूसरी टीम ने भी वाहनों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वाहन चुनाहजुरी होते हुए पोफलिया-बीजादेही मार्ग की ओर निकल गए।

राष्ट्रीय हिन्दू सेना सदस्य रोहित दिवान ने बताया कि दोनों पिकअप में करीब 19 गोवंश होने की जानकारी मिली थी। पीछा किए जाने के दौरान एक पिकअप में सवार आरोपियों ने कथित रूप से चलते वाहन से 8 गोवंश जंगल में फेंक दिए। सभी गोवंश को सुरक्षित बरामद किया गया। वहीं पुलिस की मौजूदगी में 10 गोवंश को सुरक्षित स्थान पहुंचाया गया। राष्ट्रीय हिन्दू सेना सदस्य सत्यम विश्वकर्मा ने बताया कि पूछताछ में काफिर पिता अमीर ख़ाँ, निवासी कुमार मोहल्ला, बाबई ने कथित रूप से बताया कि गोवंश से भरी पिकअप जानू ख़ाँ और सबदल ख़ाँ, निवासी सेमरी, बाबई की है। वाहन चालकों के रूप में सेटी, सबदल और आशीष यादव निवासी बुजरवाड़ा के नाम भी सामने आए हैं।

# महापंचायत में पहुंचे 65 गांवों के किसान

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 31 जुलाई, सं. सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित 65 गांवों के किसानों की मुआवजा विसंगति के मुद्दे पर शुक्रवार को डैम स्थल रघुनाथपुरा में विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया गया. महापंचायत में एक हजार से अधिक किसानों ने भाग लेकर समान एवं न्यायसंगत मुआवजे की मांग को लेकर अपनी एकजुटता का परिचय दिया.**



महापंचायत का मुख्य विषय परियोजना में दी जा रही मुआवजा विसंगति रहा. किसानों का कहना है कि एक ही सिंचाई परियोजना में कुछ किसानों को दो गुना तथा अन्य किसानों को चार गुना मुआवजा दिया जा रहा है, जो समानता एवं न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है. किसानों ने सभी प्रभावितों को समान रूप से चार गुना मुआवजा दिए जाने की मांग दोहराई.

कार्यक्रम में किसानों के समर्थन में राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह, चांचौड़ा की पूर्व विधायक ममता मीना, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बल्लू चौहान, पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी, भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं किसान नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए.

## फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

**सागर.** ई.एल.सी. चर्च, क्रिश्चियन फुटबॉल क्लब एवं ई.एल.सी. क्रिकेट 11 के तत्वावधान में '9 ए साइड फुटबॉल टूर्नामेंट-क्रिश्चियन सुपर लीग 2026 का आयोजन 1 अगस्त से स्वीडिश मिशन स्कूल फुटबॉल ग्राउंड, सिविल लाइन में किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन, टीम वर्क और आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता और उपविजेता टीमों को आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

# छह पर हत्या का मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**सागर 31 जुलाई. रहली थाना क्षेत्र के ग्राम धनगुवा में हुए चर्चित हत्याकांड में पुलिस की कार्यप्रणाली पर मृतक रामदीन सेन के परिजनों ने गंभीर सवाल उठाए है।**

उनका आरोप है कि घटना के 17 दिन बाद उन्हें एफआइआर की प्रति उपलब्ध कराई गई, जबकि घटना के दो दिन बाद तक एफआइआर दर्ज ही नहीं हुई। परिजनों का आरोप है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रहली पहुंचने के बाद 15 जुलाई की रात मामला दर्ज किया गया। उनका यह भी आरोप है कि एफआइआर उनकी मौजूदगी के बिना दर्ज की गई, उन्हें आरोपियों के नाम नहीं बताए गए और पुलिस के ऑनलाइन सिटीजन पोर्टल पर 1 एफआईआर अपलोड नहीं की गई। पुलिस के मर्ग जांच प्रतिवेदन के अनुसार, मृतक की पत्नी अहिल्यारानी, पुत्र मनोहर, मां महारानी, भाई चंद्रभान और प्रत्यक्षदर्शी संजय रावत के बयानों के आधार पर जांच की गई। जांच में सामने आया कि घटना से कुछ दिन पहले मृतक और ब्रजेश विश्वकर्मा के परिवार के बीच विवाद हुआ था। पंचनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और गवाहों के बयानों के आधार पर पुलिस ने ब्रजेश, नीलू, विवेक, लखन, गणेश और सोनू विश्वकर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1), 296 एवं 191(2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की है.

### छपते-छपते

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वर्ण पदक विजेता अस्मिता डे और हर्ष सिंह को दी बधाई

**नई दिल्ली.** ग्लासगो में खेले जा रहे कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शुक्रवार के दिन भारत की झोली में जूडो में 2 स्वर्ण पदक आए। अस्मिता डे ने पहला स्वर्ण पदक जीता, जबकि दूसरा स्वर्ण पदक हर्ष सिंह ने जीता। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अस्मिता डे और हर्ष सिंह को उनकी ऐतिहासिक सफलता पर बधाई दी है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आधिकारिक एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा, 'ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय जूडोका बनकर इतिहास रचने पर अस्मिता डे को बहुत-बहुत बधाई। आपकी शानदार जीत पक्के इरादे, हुनर ??और लगन का एक शानदार उदाहरण है। आपकी सफलता कई उभरते हुए एथलीटों को आपके नक्शेकदम पर चलने के लिए प्रेरित करेगी। आप नई ऊंचाइयों को छूती रहें।'

राष्ट्रपति ने हर्ष सिंह को भी बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, 'ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में जूडो में गोल्ड मेडल जीतने पर हर्ष सिंह को बहुत-बहुत बधाई। आपके शानदार स्किल, धैर्य और लगन ने भारत को एक और शानदार खेल का मौका दिलाया है। आप देश को और भी सम्मान दिलाते रहें।'

अस्मिता ने महिलाओं की 48 किग्रा जूडो फाइनल में कनाडा की हेइडी क्वैच को हराया। अस्मिता कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में स्वर्ण जीतने वाली भारत की पहली जूडोका बनीं। अस्मिता की जीत के कुछ ही मिनट बाद हर्ष सिंह ने पुरुषों को 60 किग्रा फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ कैट्ज को हराया। वह कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में जूडो में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष हैं।

अस्मिता और हर्ष के अलावा यामिनी मौर्य ने भी जूडो में रजत पदक जीता। महिलाओं के 57 किग्रा के फाइनल में यामिनी मौर्य ने रजत पदक जीता। फाइनल में उनका मुकाबला इंग्लैंड की एसेलिया टोपराक से साथ था। यामिनी को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत का दिन का जूडो में यह तीसरा पदक था। अस्मिता और हर्ष का स्वर्ण, और यामिनी का रजत पदक वैश्विक स्तर पर जूडो में भारत के बढ़ते दबदबे को दिखाता है।

# पीएम मोदी बोले : जंतर-मंतर पर गालियां देने वाले बच्चों को माफ करना चाहता हूं

**नई दिल्ली, 31 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार रात इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी कर जंतर-मंतर पर हुए छात्र प्रदर्शन का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वहां जो कुछ भी हुआ, उसे देश और दुनिया ने देखा। कुछ शरारती बच्चों ने उन्हें और उनकी दिवंगत मां को भद्दी-भद्दी गालियां दीं, जो किसी भी सभ्य समाज के लिए उचित नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बचपन में गलतियां हो जाती हैं और बच्चों को उन्हें सुधारने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये गुमराह बच्चे हैं और इन्हें सही राह दिखाने का समय है। उन्होंने कहा, 'मैं उन बच्चों को माफ करना चाहता हूं।'



पीएम ने यह भी कहा कि समाज के भीतर मौजूद आक्रोश को वह भली-भांति समझते हैं, लेकिन यह एक सांस्कृतिक झटका है कि हमारी बेटियां इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल कैसे कर सकती हैं। यह पिछले नौ दिनों में प्रधानमंत्री मोदी का पांचवां वीडियो है। शुक्रवार रात करीब 11 बजे जारी किए गए इस वीडियो को 30 मिनट के भीतर 13 लाख लोगों ने लाइक किया। यह मामला 23 जुलाई को जंतर-मंतर पर हुए छात्र प्रदर्शन से जुड़ा है। प्रदर्शन के दौरान वायरल वीडियो में रुचिका सिंह नाम की युवती प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करती दिखाई दी थी। इसके बाद गाजियाबाद निवासी स्मृति सिंह की शिकायत परनोएडा के एक्सप्रेसवे थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने 30 जुलाई को रुचिका के खिलाफ जानबूझकर अपमान करने, सार्वजनिक उपद्रव फैलाने और मानहानि सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। वहीं, कॉकरोच जनता पार्टी ने इस कार्रवाई का विरोध किया है।

# नाम पूछकर दो हिंदुओं को मारी गोली

**श्रीनगर, 31 जुलाई।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में गुरुवार शाम आतंकियों ने दो हिंदू प्रवासी मजदूरों को गोली मार दी। हमले में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज जीएमसी अनंतनाग में चल रहा है। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, हमले के समय वहां कई बाहरी मजदूर मौजूद थे। आतंकियों ने कथित तौर पर पहले मजदूरों से उनके नाम पूछे और फिर दो हिंदू मजदूरों को समूह से अलग कर उन पर करीब से गोलियां चला दीं। इस वजह से जांच एजेंसियां हमले के तरीके की तुलना पिछले वर्ष पहलगाम में हुए आतंकी हमले से कर रही हैं। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में दो आतंकियों के शामिल होने की आशंका जताई जा रही है, जिनमें एक स्थानीय और एक विदेशी आतंकी बताया जा रहा है। जांच एजेंसियां हमले के पीछे शामिल आतंकियों की पहचान में जुटी हैं।

**निरीक्षण** | मऊ में करोड़ों के स्कूल भवन को सितंबर 2026 तक पूरा करने के सख्त निर्देश

# राज्यमंत्री का औचक निरीक्षण, शिक्षा और अधोसंरचना को प्राथमिकता

नवभारत न्यूज

**पडाना 31 जुलाई, सं. शिक्षा और बेहतर अधोसंरचना को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता एक बार फिर साफ दिखी. राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को ग्राम मऊ में निर्माणाधीन संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिए.**



करीब 38 करोड़ से भी अधिक रुपये की लागत से बन रहा यह भवन क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा है. निरीक्षण के दौरान प्रगति धीमी पाए जाने पर मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई. उन्होंने पीईओ और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को तत्काल मौके पर बुलाकर ठेकेदार की लापरवाही पर फटकार लगाई. उन्होंने निर्देश दिए कि हर हाल में सितंबर 2026 तक भवन का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए. इसके लिए पीआईयू को हर सप्ताह मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट देने को कहा गया है. मंत्री ने यह भी चेतावनी दी कि यदि तय समय में काम पूरा नहीं हुआ तो संबंधित ठेकेदार और लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

**छात्रों से किया संवाद, समस्याएं जानी** - विद्यालय पहुंचने पर छात्र-छात्राओं ने मंत्री का पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया. डॉ. टेटवाल ने छात्राओं से बैठकर उनकी पढ़ाई, करियर के सपनों और स्कूल की जरूरतों पर बात की. उन्होंने देखा कि जगह की कमी के कारण कई कक्षाओं में बच्चे खचाखच बैठे हैं और कुछ विद्यार्थियों को दलान में बैठकर पढ़ना पड़ रहा है. मंत्री ने इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि नई बिल्डिंग बनते ही यह समस्या पूरी तरह दूर हो जाएगी.

निरीक्षण के बाद मंत्री ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया. उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मजबूत अधोसंरचना और हरित वातावरण के बिना विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है.

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच रईस मंसूरी, महामंत्री कमल राठौर सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे.